# सर्वोदय अहिंसा ने चलाया जीव रक्षा अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा द्वारा भीषण ग्रीष्मकाल को देखते हुए जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाकर विविध जनहित के कार्य किए जा रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन अपनी टीम के साथ नगर के नागपुर रोड स्थित अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी पहुंचे और सर्वोदय अहिंसा सभा का आयोजन कर स्कूल प्रबंधन सहित समस्त गुरुजनों एवं विद्यार्थियों को जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताकर छिंदवाड़ा को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने, एक पौधा बिटिया के नाम लगाने एवं ग्रीष्मकाल में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी रखने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर ए.आई.ए. के चेयरमैन संजीव जैन, डायरेक्टर दीपक राज जैन, प्राचार्य रविशंकर माथुर सहित सभी गुरुजनों एवं विद्यार्थियों ने जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर स्कूल परिसर में एक पौधा छिंदवाड़ा की बिटिया डॉक्टर याशिका जैन एवं प्राचार्य की प्यारी बिटिया के नाम लगाया एवं पक्षियों के लिए जलपात्र रखकर उसमें जल भरा ओर सभी जिले वासियों सहित देश वासियों से यह नेक कार्य करने की अपील की।

**लगातार 40 वर्षो से चल रहा है अभियान**

वर्ष 1985 से अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा इस सर्वोदय अहिंसा अभियान का शुभारंभ छिंदवाड़ा से किया था जो आज पूरे देश में जन जन का अभियान बन गया है, दीपक राज जैन द्वारा विगत 40 वर्षों से प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में पक्षियों के दाना पानी के लिए यह अभियान चलाया जाता है और नगर के अहिंसा प्रेमियों को नि:शुल्क जलपत्रों का वितरण कर जीव दया की अपील की जाती है। जिसमें शिक्षण संस्थाओं सहित विविध सामाजिक संगठनों का अपूर्व सहयोग प्राप्त होता है।

# सौसर में दो जगह मिले युवकों के शव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला पांढुर्णा के तहसील सौसर में शुक्रवार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच दो अलग-अलग स्थानों पर दो शव मिले। पहला शव कॉमर्स कॉलेज स्थित शराब दुकान के पास मिला जबकि दूसरा शव ग्रीन पैराडाईज होटल के पास मिला।

घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक विनोद वाघमारे पीपला का रहने वाला था। जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ठाकुर के अनुसार विनोद की मौत के कारणों की जांच सौसर पुलिस कर रही है। वहीं पीपला निवासी विनोद का पोस्टमॉर्टम पूरा करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक विनोद के परिजनों के बयान के अनुसार वह मार्केट जाने का कहकर गुरुवार रात को घर से निकला था। लेकिन रात को विनोद घर वापस नहीं आया। हालांकि पुलिस पुलिस पी एम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिससे मौत की वजह स्पष्ट हो सके।

दूसरा शव ग्रीन पैराडाइज होटल के पास मिला। इस मामले में मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया है। इस तरह पांढुर्णा जिले में पिछले एक साल केअंतराल में अनेक घटनाऐं घटित हुई है लेकिन एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों पर सौसर क्षेत्र में दो शव मिलना समूचे सौसर एवं पांढुर्णा जिले को हिलाकर रख दिया है।

# समर कैंप का शुभारंभ, 25 तक चलेगा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय बीटीआई मे 25 मई तक आयोजित किये जा रहे समर केम्प का विधिवत शुभारम्भ सहायक संचालक सीमा डोंगरे ने रिबिन काटकर किया। इस मौक़े पर पूर्व बीईओ व प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, संस्था प्राचार्य सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, सुशील शर्मा, लेखा कौरव एवं बीआरसी संदीप स्थापक भी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन एवं वंदना से किया गया तदोपरांत अतिथियों का स्वागत शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम मे सहायक संचालक सुश्री डोंगरे ने कहा कि समर केम्प का आयोजन एक अच्छी पहल है इससे छात्र छात्राओं को नया सीखने को मिलेगा। उन्होंने विद्यालय के माहौल की प्रशंसा की। संस्था प्राचार्य सुनीता पटैल ने समर केम्प की रुपरेखा से अवगत कराया एवं बच्चों से इसका लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम मे अन्य अतिथियों ने भी समर केम्प के महत्त्व पर विचार व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि समर केम्प मे प्रतिदिन छात्र छात्राओं को खेल सहित अन्य विधाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस अवसर पर संचालन अर्पणा ब्राउन ने किया।

## सार-समाचार

### पर्यटन के नक्शे पर छिन्दवाड़ा को उभारना हमारी प्राथमिकता, कलेक्टर ने ली बैठक, दिए प्रमाणपत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरे छिंदवाड़ा को देश-प्रदेश में पर्यटन के नक्शे पर उभारना हमारी प्राथमिकमाओं में शामिल है, इसके लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के होम स्टे प्रदेश के लिए मील का पत्थर हैं, यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिले वे सुरक्षित तरीके से घूम सकें। पर्यटकों को स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन मिले। पर्यटन से रोजगार के अवसर बनें, इस पर लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। यह विचार कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में आयोजित ग्रेजुटए सैरेमनी में व्यक्त किए। अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग लेने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र देकर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी का हौसाला बढ़ाया। इस अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी, टाटा स्ट्राइव से सेंटर मैनेजर अरविंद कुमार द्विवेदी, मास्टर ट्रेनर आकाश भारद्वाज व होम स्टे हितग्राही उपस्थित थे।

टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र से छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, चिमटीपुर, बीजाढाना, काजरा, धूसावानी, धगड़िया के 129 हितग्राहियों को अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग दी गई थी। इस नि:शुल्क ट्रेनिंग के बाद शुक्रवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के हाथों हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए। इस मौके पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि होम स्टे खुल जाने से ग्रामीण अंचल में पर्यटन बढ़ रहा है और कई परिवारों को घर बैठे रोजगार मिला है और गांवों में आर्थिक गतिविधियां सुदृढ़ हुईं हैं। उन्होंने काजरा व चिमटीपुर के तैयार हो चुके होम स्टे जल्द खोलने के निर्देश दिए।

पर्यटन विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन पर्यटन स्थलों पर सभी सुविधाएं देने, सफाई सहित आसान मार्ग बनाने व उनके विकास के लिए कई स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने होम स्टे के लिए टूर पैकेज बनाने, रेल्वे स्टेशन-बस स्टॉप व आसपास के शहरों में होम स्टे के प्रचार के लिए होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी होम संचालकों से गांवों में आ रही समस्याओं को जाना और तत्काल उन्हें हल करने के निर्देश संबंधित आधिकारियों को दिए। पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के अशासकीय सदस्य नागेंद्र गढ़ेवाल, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से सुश्री रीना साहू, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, कमलेश यदुवंशी, आकाश सरेयाम, सनोद नागवंशी व अन्य होम स्टे संचालक उपस्थित थे।

### मोहखेड़ थाना प्रभारी को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**मोहखेड़, देशबन्धु।** मोहखेड़ थाना में पदस्थ थाना प्रभारी को मोहखेड़ एवं उमरानाला के स्टाफ के द्वारा विदाई दी गई। इस अवसर पर चौकी प्रभारी पारस आर्मो, जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, मोहखेड़ सरपंच पति फैयाज खान, मऊ के सरपंच पति सुदामा डोबले, खेड़ी के सरपंच पति सदाशिव पवार एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज सोनघरे एवं समस्त स्टाफ एवं पदाधिकारी गण सम्मिलित रहे।



# बगलामुखी में तीन दिवसीय कार्यक्रम पांच से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बरारीपुरा स्थित प्राचीन श्री बगलामुखी माता मंदिर मे आगामी 5 मई को श्री बगलामुखी प्रकटोत्सव भव्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जावेगा जिसमें 3 दिन पूर्व से ही कार्यक्रम की शुरुआत हो जावेगी जिसमें प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से माताजी का अभिषेक पूजन, आरती के साथ सहसत्राचन, जाप किये जावेंगे।

वही आज 3 मई से रोजाना शाम को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिमसे देवी जागरण के साथ साथ छिंदवाड़ा के प्रसिद्ध धार्मिक वाद, ढोल बाजे के साथ अपनी प्रस्तुतिया माताजी के दरबार मे सांयकाल को देंगे, समिति ने कुछ सामाजिक सेवा के कार्यक्रम भी निश्चित किये है। 5 मई को प्रकटोत्सव को प्रात: 6 बजे से माताजी का अभिषेक, जप पूजन कर 12बजे से हवन कार्यक्रम होगा 4 बजे 56 भोग भक्तो द्वारा माताजी को प्रसाद लगाकर शाम 6 बजे माताजी की महाआरती की जावेगी ततपश्चात बैंड बाजो के साथ भव्य आतिशबाजी की जावेगी रात्रि 7 बजे से भंडारा प्रारम्भ किया जावेगा जो रात्रि 11 तक चलेगा समिति द्वारा 7 हजार भक्तो की प्रसादी की व्यवस्था की गईं।



# तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आयेंगे नकुल-कमलनाथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन पश्चात नेताद्वय विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे साथ ही छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला कांग्रेस पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत नकुलनाथ संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होने के साथ ही हर्रई के धनौरा में क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार आगामी 6 मई 2025 दिन मंगवार को दोपहर 12 बजे नेताद्वय का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

07 मई 2025 दिन बुधवार को कमलनाथ एवं नकुलनाथ का हेलीकाप्टर द्वारा प्रात: 10:30 बजे परासिया आगमन होगा, जहां नेताद्वय के हस्ते अस्पताल का उद्धघाटन होगा। तदोपरांत माननीय नकुलनाथ जी दोपहर 12 बजे हर्रई के धनौरा पहुंचकर क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे। दोपहर 02 बजे श्री नाथ का शिकारपुर आगमन होगा। कमलनाथ एवं नकुलनाथ अपराह्न 04 बजे हेलीकाप्टर द्वारा मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम देवगढ़ पहुंचेंगे जहां वे कांग्रेस नेता बाजीलाल कुमरे के सुपुत्र के विवाह कार्यकम में सम्मिलित होंगे, तदोपरांत सांय 06 बजे नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा।

08 मई 2025 दिन गुरुवार को अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ प्रात: 11:30 बजे संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2:30 बजे नेताद्वय छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# खेलों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला ओलंपिक स्टेडियम अंतर्गत विभिन्न खेल मैदानो का आज निरीक्षण करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू, कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, डी.ई.ओ. जी.एस. बघेल, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने खेल सुविधाओं और व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करते हुए खेलों के विकास हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल का निरीक्षण करते हुए उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने शीघ्र ही खेल के अनुरूप उपयुक्त उच्च स्तरीय बैडमिंटन मेट उपलब्ध करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ पदाधिकारी व प्रशिक्षक जावेद खान, राकेश चौरसिया व खिलाड़ियों ने सांसद एवं कलेक्टर द्वारा खेलों के विकास के लिए जाए किए जा रहे प्रयासों हेतु आभार व्यक्त किया। 3 मई शाम 5:00 बजे सिलेक्शन ट्रायल्स की अंतिम प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत चयनित एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन जनप्रतिनिधि व बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान को मिला जन समर्थन, तीन वार्डो में मिले जनता से



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा सरकार के द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनता पर थोपे गए कर का विरोध शहर कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्षददल के द्वारा लगातार किया जा रहा। सरकार के विरुद्ध जन समर्थन जुटाने चलाए जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42, 43 व 44 में जनता के हस्ताक्षर लेकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत भी कराया।

हस्ताक्षर अभियान कलेक्ट्रेट रोड स्थित शंकरजी की मढ़िया के पास से प्रारंभ होकर गुलाबरा के मुख्य मार्ग से होते हुए तीन वार्डों में चला। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर लेकर नागरिकों को बताया कि भाजपा सरकार प्रतिदिन जनता को महंगाई के मुंह में धकेल रही है। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के कार्यकाल में नगर पालिक निगम के द्वारा किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया गया। नेताद्वय के साफ निर्देश थे कि जनता पर किसी भी प्रकार के बढ़े हुए कर ना थोपे जाएं, क्योंकि नागरिक पहले से ही महंगाई की मार को झेल रहे हैं ऐसे में बढ़ा हुआ कर उनकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ की यह सार्थक सोच है, किन्तु भाजपा सरकार जनता से बढ़ा हुआ टैक्स वसूलने पर अमादा है। कांग्रेस पार्षदों के द्वारा निरंतर विरोध किए जाने के उपरांत भाजपा सरकार ने अपनी हठधर्मिता का परिचय देते हुए कर बढ़ाया है।

शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को आम जनमानस की ओर से भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। जिन वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है वहां के नागरिकगण खुलकर कह रहे हैं कि भाजपा सरकार के द्वारा जनता पर कर का बोझ डाला गया जिसका परिणाम भाजपा सरकार को आगामी चुनाव में अवश्य भुगतना पड़ेगा।

आयोजित हस्ताक्षर अभियान में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं कांग्रेस पार्षदगण उपस्थित रहे। दरअसल नगर पालिक निगम में बढ़ाए गए जल कर, संपत्ति कर एवं अन्य उपकरों को लेकर कांग्रेस और कांग्रेस पार्षददल जनता के बीच जाकर यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि कांग्रेस शासनकाल में कोई टैक्स नहीं बढ़ा और भाजपा की नगर पालिक निगम होने के बाद जनता पर विभिन्न कर लगाऐं गए जो छोटे और मध्यम वर्गीय करदाताओं के लिए असहनीय पीड़ा का कारण बन गया है। इसे हटाने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस और नगर पालिक निगम में कांग्रेस पार्षद दल लगातार विरोध दर्ज करा रहा है

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कल 2 मई को संपूर्ण मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला छिन्दवाडा में भी लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला ओलम्पिक स्टेडियम छिन्दवाड़ा के बैडमिन्टन हॉल में किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना छिन्दवाड़ा शहरी की परियोजना अधिकारी श्रीमती कृष्णा विश्वकर्मा एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना छिन्दवाड़ा ग्रामीण श्रीमती संगीता चौरे ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। जिसमें छिन्दवाड़ा / पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा सांसद श्री साहू के द्वारा मां सरस्वती पूजन कर एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांसद श्री साहू द्वारा लाड़ली लक्ष्मी वाटिका छिन्दवाड़ा में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के सांथ पौधरोपण किया गया। जिला ओलम्पिक स्टेडियम हॉल छिन्दवाड़ा में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का संचालन भी लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति भी लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के द्वारा की गई।

नन्हीं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के द्वारा मार्शल आर्ट की गतिविधियों को संचालित किया गया, जो कि लाड़ली बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिये प्रेरित करता है। कार्यकम में उपस्थित लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं और उनकी माताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं में से विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली लाड़ली बालिकाओं को भी प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।



सांसद श्री साहू द्वारा अपने उद्बोधन में लाड़ली बालिकाओं एवं उनकी माताओं का सम्मान करते हुये म.प्र. में बालिकाओं एवं महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के लाभ से अवगत कराया गया और सांथ ही सभी लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पानी की विशेष बॉटलों के उपहार से सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद श्री साहू के साथ जिले के अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुये। कार्यक्रम में जिले की सैकड़ों महिलायें एवं लाड़ली लक्ष्मी बालिकायें उपस्थित रही।

जिले के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले की महिला एवं बाल विकास परियोजना छिन्दवाडा शहरी एवं ग्रामीण परियोजना तथा जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास ने सराहनीय प्रयास किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमन्त छेकर द्वारा सभी जन प्रतिनिधियों तथा लाड़ली बालिकाओं का विशेष आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लाड़ली बहनों को सांसद विवेक बंटी साहू ने प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस दौरान काफी लाड़ली बहनें, उनके परिजन, भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सांसद ने लाड़ली लक्ष्मी के साथ किया पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लाडली लक्ष्मी उत्सव में उपस्थित सैंकड़ो लाडली लक्ष्मी बालिकाओं की माताओं को सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी ओर से फ्लॉस्क बॉटल उपहार स्वरूप दी। फ्लॉस्क बॉटल पाकर लाड़ली लक्ष्मीयों और उनकी माताओं के चेहरे खिल उठे। वहीं कार्यक्रम के पूर्व लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने स्थित लाडली लक्ष्मी उद्यान में पौधरोपण किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोट, नगर निगम सभापति जगेन्द्र अल्डक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, संतोष पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिला बालविकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर, परियोजना अधिकारी कृष्णा विश्वकर्मा, संगीता चौरे सहित महिला बालविकास के अधिकारी कर्मचारी एवं जिलेभर से आई लाड़ली लक्ष्मीयां उनकी माताएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं उपस्थित थी।

## सार-समाचार

### पति ने पत्नी पर किया प्राणघातक हमला, घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** घरेलू विवाद के चलते एक महिला पर उसके पति ने चाकू ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना परासिया रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे की है। आरोपित ने घर में पत्नी की छाती और हथेली पर चाकू से वार किए। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार देहात थाना क्षेत्र निवासी कृष्णा उइके 35 वर्ष नागपुर रोड स्थित एक टी वी एस एजेंसी में काम करती हैं। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं और घर पर ही थीं। शुक्रवार सुबह जब वह दवाई लेकर आराम कर रही थीं, तभी उनका पति प्रकाश उइके पिता गणेश उइके, उनके किराए के मकान पर पहुंचा। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ा और प्रकाश ने कृष्णा पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला की छाती और हाथ की हथेली पर



गंभीर चोटें आई। घटना के समय कृष्णा की बेटी भी घर पर मौजूद थी। मां पर हमले को देख वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिससे घबराकर आरोपित मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार कृष्णा अपने पति से लंबे समय से अलग रह रही हैं। उसने पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मामले की जांच जारी है।

### संविधान बचाओ रैली की तैयारी में जुटी शहर कांग्रेस कमेटी, अहम बैठक आयोजित


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में 8 मई 2025 को निकाली जाने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी में शहर कांग्रेस कमेटी जोर शोर से जुटी है। अनुशासन का पालन करते हुए संविधान की रक्षा हेतु निकाली जाने वाली इस रैली के लिए शहर कांग्रेस कमेटी ने अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में 02 मई 2025 दिन शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में भव्य रैली के आयोजन हेतु रणनीति बनाई गई। कांग्रेस के वक्ताओं ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा की सरकार सुनियोजित ढंग से षड्यंत्र पूर्वक संविधान से छेड़छाड़ कर रही है। भाजपा के शीर्ष नेतागण खुलेआम बाबा साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं इससे साफजाहिर होता है कि भाजपा संविधान को मिटाने की लगातार कोशिश कर रही है। कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता की यह जिम्मेदारी है कि वह संविधान की रक्षा कमर कसकर तैयार रहें।

आयोजित बैठक में शहर कांग्रेस के प्रभारीगण, समन्वयक, शहर कार्यकारी अध्यक्षगण, उप ब्लॉक अध्यक्षगण, उप ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्षगण एवं समन्वयकगण सहित महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# डायल 100 ने दो घायलों को पहुंचाया अस्पताल, बची जान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के थाना माहुलझिर क्षेत्र के अनहोनी गाँव के पास एक एक्सिडेंट हो गया जिसमें 02 व्यक्ति घायल हो गये है उन्हें तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में गत 01 मई 2025 को रात्रि 11:21 बजे प्राप्त हुई थी।

सूचना प्राप्ति पर तत्काल माहुलझिर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन से संपर्क कर उसे तत्काल ही मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ स.उ.नि. पुरुषोताम ठाकुर, आरक्षक नीरज ठाकुर, पायलेट संजय चोबे ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल के अनियंत्रित हो जाने से अरविंद परतेती पिता राम सनेर परतेती उम्र 23 साल एवं राम सनेर परतेती पिता खुशीलाल परतेति उम्र 45 साल निवासी देहियर मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गये थे।

डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. द्वारा घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल माहुलझिर पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायलों को समय पर उपचार मिला जिससे उनकी जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता पुत्र अनहोनी गाँव से शादी से लौट कर अपने गाँव देहियर जा रहे थे जहां उनकी मोटर सायकल अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें वे घायल हो गए।

# एक करोड़ 21 लाख की सड़कें बनेंगी, सांसद ने वार्ड नं. दस में किया भूमिपूजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपने संसदीय क्षेत्र पांढुर्णा-छिंदवाड़ा में विकास कार्यो की लगातार झड़ी लगाने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने सड़कों का भूमिपूजन किया। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमाक 10 में सांसद विवेक साहू के हस्ते 1 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सड़कों का भूमिपूजन किया गया है। इस राशि से लगभग 3 हजार मी. लंबी 8 सड़कें सीमेंट और डामरीकरण युक्त होगी।




इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि जनता जर्नादन की सेवा ही उनका परम लक्ष्य है। विकास कार्य लगातार होते रहे, जनता को सौगाते मिलती रहे, आमजनों की समस्याओं का समाधान हो इसी लक्ष्य को लेकर वे दिन रात प्रयास कर रहे है। इन सड़कों के निर्माण से आमजन की अवागमन की परेशानियां दूर होंगी।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा नीत सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो का उल्लेख किया। वहीं मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने अपने उद्बोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रशासन के सहयोग से हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रस्तावना भाषण वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद संगीता सुरेश उईके ने दिया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, श्रीमती लीला बजोलिया, नवीन बारस्कर, रमाकांत पटेल, मदन राय, सभापति जगेन्द्र अल्डक, मनोज सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद राजपूत, संतोष पटेल, मनोज कुशवाहा, जगदीश गोदरे, सुरेश उईके, ओमप्रकाश चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि पार्षदगण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पत्रकारों की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कल 2 मई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकारों की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य जिले के पत्रकारों की दैनिक कठिनाइयों का समाधान करना और उनकी अन्य समस्याएं सुनना था। बैठक में पत्रकारों द्वारा जिले से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उप संचालक जनसंपर्क सुश्री नीलू सोनी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री गरिमा शर्मा, संचार सहायक गीतेश शरणागत और बड़ी संख्या में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्माननीय पत्रकार उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के संवेदनशील मुद्दे अपनी खबरों के माध्यम से संज्ञान में लाने के लिए मीडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके कारण कई मुद्दों पर समय पर कार्यवाही की जा सकी और स्थिति में सुधार किया जा सका। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने पर जिला अस्पताल में अभियान चलाकर 65000 से अधिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए और पुरानी पेंडेंसी को खत्म किया गया। जिससे अब आमजन को परेशान नहीं होना पड़ रहा है। आगे भी आमजन से जुड़ी महत्वपूर्ण खबरों पर पूरा संज्ञान लिया जाएगा।



बैठक के दौरान पत्रकारों द्वारा कवरेज के दौरान आने वाली विभिन्न कठिनाइयों और अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में होने वाले लोकार्पण और भूमिपूजन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सूचना नहीं मिल पाती, जिससे समाचार कवरेज में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम एवं विभिन्न विभागों द्वारा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी विलंब से प्राप्त होती है। जिससे मौके पर पहुंचकर कवरेज नहीं हो पाता। निर्माण विभागों में पहुंचने पर साप्ताहिक अखबार के पत्रकारों को पहचान का संकट उत्पन्न हो जाता है, इसके लिए सभी पत्रकारों की सूची भेजने की बात कही गई। साथ ही जिले में अल्प प्रवास में पहुंचे राज्य शासन के एवं केंद्रीय मंत्रीगणों के टूर प्रोग्राम की जानकारी प्रोटोकॉल के माध्यम से पूर्व से ही उपलब्ध कराने भी बात रखी गई। बीते दिनों जिले के प्रभारी मंत्री मंत्री की उपस्थिति में शासकीय पी.जी. कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित करने के बाद भी पी.आई.यू. के प्रभारी अधिकारी द्वारा पत्रकारों की बैठक के लिए व्यवस्था नहीं बनाई गई थी, जिससे कवरेज में असुविधा का सामना करना पड़ा।

पत्रकारों की जायज़ मांगों पर कलेक्टर श्री सिंह ने गंभीरता से विचार करते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सूचना मीडिया प्रतिनिधियों को समय पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे बेहतर तरीके से जनसामान्य तक सूचनाएं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए नगर निगम एवं अन्य विभागों को निर्देशित किया जाएगा। मंत्री गणों के आगमन की पूर्व सूचना रहने पर प्रोटोकॉल के माध्यम से मीडिया को सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। कई बार आकस्मिक प्रवास होने के कारण पूर्व सूचना दिया जाना संभव नहीं हो पाता है। सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में आयोजक विभाग के माध्यम से पत्रकारों के बैठने की समुचित व्यवस्था बनाई जाएगी।

बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उनमें हो रही प्रगति की जानकारी भी नियमित रूप से साझा किए जाने की मांग की गई।

## पहलगाम के मृतकों की दी श्रद्धांजलि

इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु मीडिया को समय-समय पर जानकारी के फोल्डर जनसंपर्क विभाग के माध्यम से साझा कराए जाएंगे।

बैठक में अन्य जनहित के मुद्दों पर भी खुलकर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और नियम के अंतर्गत शामिल जायज सुझावों पर त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशासन और मीडिया के बीच संवाद के लिए आयोजित त्रैमासिक बैठक का आगे नियमित आयोजन कराने का आश्वासन भी दिया।

अंत में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, उप संचालक जनसंपर्क सुश्री नीलू सोनी एवं उपस्थित पत्रकारों द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

